**Title:** Regarding murder of an activist of Shiv Sena agitating for ban on cow slaughter at Falaudi Railway Station, Rajasthan.

13.12 hrs.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: I will call you, Shri Geete.

DR. V. SAROJA (RASIPURAM): Sir, my name was called. I have not yet completed.

MR. SPEAKER: Please take your seat. I will call you later.

**श्री अनंत गंगाराम गीते (रत्नागिरि): अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में फलौदी में रेलवे के ४० वैगनों में गाय और बछड़े काटने के लिए बाहर भेजे जा रहे थे। वहां के लोगों ने गोहत्या रोकने के लिए इसको लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन किया। राजस्थान में गोहत्या पर प्रतिबंध है। मुझे वहां के लोगों से जानकारी मिली है कि वहां के पूर्व विधायक के नेतृत्व में फलौदी की जनता इसको लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रही थी और रेल को रोका गया था। रेलवे के अधिकारियों से यह मांग की गई कि जिस गाड़ी से गाय और बछड़े जा रहे हैं, उसको रोककर इन्हें उतार दिया जाए। इतने में ही कुछ लोगों ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों पर पथराव करना शुरू कर दिया। रेलवे की पुलिस ने कुछ नहीं किया, वह सिर्फ देखती रही।**

**... (व्यवधान)**

**राजस्थान की सरकार ने भी उन पथराव कर रहे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इस बीच हमारे शिव सेना के प्रदेश अध्यक्ष मुरली बोहरा जी की निर्मम हत्या कर दी गई, उन्हें तलवार से काट दिया गया और उनकी लाश को रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया। रेलवे पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। वहां के एस.पी. ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। इसके विपरीत जो लोग शांति से आंदोलन कर रहे थे उनके ऊपर डंडे बरसाए गए।**

**गीते जारी वहां बोहरा जी की हत्या की गई और वहां के एस.पी. इस कार्यवाही को रोकने की बजाए, जो हमला कर रहे थे, लाठीचार्ज कर रहे थे।**

**... (व्यवधान)**

**सभी विधायकों ने उनके खिलाफ कार्यवाही की एस.पी. से मांग की कि इसको रोका जाए, लेकिन एस.पी. ने उनकी एक भी बात नहीं सुनी।**

**... (व्यवधान)**

**एस.पी. ने श्री बोहरा को बुलाया। ... (व्यवधान) नेताओं के साथ बैठक हुई। सात घंटे तक जब बोहरा जी दिखाई नहीं दिए, वह कहीं मिले नहीं तो पूछताछ की गई। फिर सात घंटे के बाद एस.पी. ने कहा कि रेल के अंदर किसी की लाश पड़ी हुई है। वहां हमारे कार्यकर्ताओं ने जब वह लाश देखी तो पता चला कि वह बोहरा जी की लाश थी।**

**... (व्यवधान)**

**एस.पी. इस पूरे षडयंत्र में शामिल हो गए हैं। इसलिए हमने मांग की है कि उस एस.पी. का तुरंत वहां से तबादला होना चाहिए। महोदय, पूरे राजस्थान में आतंक फैला हुआ है।**

**... (व्यवधान)**

**वहां दंगे, आंदोलन होने की संभावना पैदा हो गई है।**

**... (व्यवधान)**

**महोदय, मैं सरकार से मांग करता हूं कि राजस्थान की सरकार कुछ काम नहीं कर पा रही है, इसलिए केन्द्र सरकार को इसमें दखल देने की आवश्यकता है।**

**... (व्यवधान)**

**राजस्थान की सरकार को निर्देश देना आवश्यक है। इसकी जांच होनी चाहिए। ... (व्यवधान) इस पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए। वहां जो दंगे होने जा रहे हैं, उन्हें रोकने के लिए केन्द्र को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए।**

**... (व्यवधान)**

MR. SPEAKER: Please take your seat. There are other Members also who want to speak.

**... (व्यवधान)**

**श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : अध्यक्ष महोदय, जिन्होंने हमला किया, उन्हें एस.पी. बचा रहे हैं।**

**... (व्यवधान)**

MR. SPEAKER: No running commentary, please.

**"> श्री जसवन्त सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : जोधपुर लोकसभा क्षेत्र फलोदी में परसों पूर्व विधायक बालकृष्ण थानवी के नेतृत्व में कुछ लोग रेल की पटरी पर जाकर धरने पर बैठ गए, जिसमें मुरली बोहरा भी शामिल था। ये लोग सुबह नौ बजे से लेकर रात के आठ बजे तक धरने पर बैठे रहे। आठ बजे के करीब कुछ लोग तलवार लेकर गए और उन पर आक्रमण कर दिया, जिसमें मुरली बोहरा मारे गए। राजस्थान में रोज इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। रोज एक हत्या, बलात्कार हो रहा है। बड़े दुख की बात है कि राजस्थान सरकार अपराधियों को राजनैतिक संरक्षण दे रही है, इसके कारण प्रदेश में साम्प्रदायिक माहौल खराब हो गया है तथा फलोदी जैसे क्षेत्र में साम्प्रदायिक दंगे हो गए, इसके लिए राज्य सरकार दोषी है। इसलिए राज्य सरकार को बर्खास्त किया जाए।**

**... (व्यवधान)**

">

">MR. SPEAKER: Is there any reaction from the Government?

"> ... (Interruptions)

">MR. SPEAKER: Please sit down. The Minister is giving reply.

"> ... (Interruptions)

">MR. SPEAKER: Hon. Member, please take your seat.

"> ... (Interruptions)

">SHRI RAJESH PILOT (DAUSA): He is a Member of Parliament from that area. Please listen to him.

">

**">कर्नल (सेवानिवृत्त) सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में लगातार अकाल पड़ता है। वहां इस साल भी अकाल पड़ा। वहां के लोगों का खाने-पीने का सबसे बड़ा धंधा पशुपालन है। मैं कहना चाहूंगा कि ७०-८० परसैंट किसानों की रोजी-रोटी का साधन पशुपालन है। वहां पशुपालन का हर साल मेला लगता है। फलौदी में भी मेला लगा। मेले में सरकार की तरफ से सारा इंतजाम होता है। उन्होंने वहां बकरा भी खरीदा, बछड़ा भी खरीदा**

**">... (व्यवधान)**

">

**"> अध्यक्ष महोदय : यह आपका काम नहीं है।**

">

**">**

**... (व्यवधान)**

">

**"> अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाएं।**

">

**">**

**... (व्यवधान)**

">

**"> कर्नल (सेवानिवृत्त) सोनाराम चौधरी : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में ८० परसैंट खेती बैलों और ऊंटों से होती है। वह खेती के लिए उन्हें लेकर जा रहे थे। वहां ट्रैक्टर नहीं हैं। इन्होंने वहां पत्थरबाजी करवाई और किसानों की भावनाओं को भड़काया।**

**... (व्यवधान)**

**यह हिन्दू और मुसलमानों के बीच दंगा करवाना चाहते हैं।**

**... (व्यवधान)**

**यह किसानों के पेट पर लात मारना चाहते हैं।**

**... (व्यवधान)**

">

**"> यह कम्युनल हारमॉनी को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।**

**... (व्यवधान)**

">

**"> अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाएं।**

">

**">**

**... (व्यवधान)**

">

">MR. SPEAKER: Now the Minister will reply.

"> ... (Interruptions)

">MR. SPEAKER: Shri Mohan Rawale, take your seat. The Minister is on his legs.

"> ... (Interruptions)

">

**"> संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री प्रमोद महाजन) : अध्यक्ष महोदय, फलौदी की इस घटना पर उत्तेजित सदस्यों को मैं इतना ही कह सकता हूं कि उन्होंने जो भी मुद्दे अभी सदन में उठाए, मैं केन्द्रीय गृह मंत्री जी का इस ओर ध्यान दिलाऊंगा ताकि वह राजस्थान सरकार से इस सम्बन्ध में बात कर सकें। ... (व्यवधान)**

">

">MR. SPEAKER: Shri Priya Ranjan Dasmunsi.

"> ... (Interruptions)

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, how can I speak in this atmosphere?..(Interruptions)

">MR. SPEAKER: Please take your seats. The Minister has given his reply.

"> ... (Interruptions)

">MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

"> (Interruptions)*

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, through you, I would like to draw the attention of the Government to a very important matter...(Interruptions)

">MR. SPEAKER: This is not proper. Please resume your seats.

"> ... (Interruptions)

">MR. SPEAKER: Please go back to your seats.

"> ... (Interruptions)

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, I would like to know the reaction of the Government on a very important matter....(Interruptions)

"> Shri Mohan Rawale, I am speaking now. You have already spoken. I have got the permission from the Chair to speak. Please allow me to speak..(Interruptions)

**"> श्री अनन्त गंगाराम गीते (रत्नागिरि) : अध्यक्ष महोदय, पूरे राजस्थान के अंदर अशान्ति मची हुई है।**

">

">MR. SPEAKER: This is too much. Please go to your seats.

"> ... (Interruptions)

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : How can I speak? The Minister has already replied to it. The NDA partners are doing like this. What can I do? The hon. Members from the Treasury Benches are doing like this. How can I speak?...(Interruptions)

">MR. SPEAKER: The hon. Minister has already given the reply. Please understand it.

">----------------------------------------------------------------------------

">* Not Recorded.

**"> श्री अनन्त गुढे (अमरावती) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान सरकार ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है।**

**... (व्यवधान)**

**.. राजस्थान सरकार को इस पर कोई एक्शन लेना चाहिये।**

">

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): If you do not allow us to speak, we will also not allow you to speak.

"> हमें भी बोलने दीजिये। क्या बात है, क्या आप नहीं बोलेंगे?

">

"> Let the Parliamentary Affairs Minister control his Members. How can I speak?...(Interruptions)

"> I would like to raise a very important issue. I would like to draw the attention of the Government to one important issue...(Interruptions) What are they doing? I am on my legs. They cannot prevent me from speaking. I have to speak now. How can they prevent me? They should not do like this. What is this?...(Interruptions)

">MR. SPEAKER: Please go to your seats.

"> ... (Interruptions)

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : If they do like this, we will also not allow any one of them to speak. Is it the way of doing things? When the Chair has allowed me to speak, why are they doing like this? The Government has already replied to it...(Interruptions)

"> यह क्या तरीका है? आप ऐसा क्यों करते हैं? आप मुझे अपनी बात रखने दीजिये।

">

">MR. SPEAKER: Nothing should go on record.

"> (Interruptions)*

">---------------------------------------------------------------------------

">* Not Recorded.

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Mr. Speaker, Sir, today is 22nd December. Only one day is left before the House is adjourned. I would like to draw the attention of the Government to a very important matter. I am glad that the Defence Minister is present here. The entire nation paid its tributes to the great jawans...(Interruptions)

">

"> गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): अध्यक्ष महोदय, मैंने आज प्रातःकाल पत्रों में खबर पढ़ी और राजस्थान के सांसदों से इस बारे में जानकारी प्राप्त की लेकिन प्रदेश सरकार से कोई अधिकृत जानकारी नहीं मिली। यह अधिकृत जानकारी मिलने पर कल सदन को सूचना दूंगा। केन्द्रीय सरकार की राय है कि इस प्रकार की परिस्थितियों में साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहे कि यदि कहीं भी इस प्रकार की कोई दुर्घटना होती है तो वहीं उस पर अंकुश लगाया जा सके, वह फैले नहीं। इसलिये मैं इतना ही कहूंगा कि प्रदेश सरकार से अधिकृत जानकारी प्राप्त करके सदन को सूचित करूंगा।

">

">MR. SPEAKER: This issue is over. Please take your seat.

"> श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : सर, वहां कभी भी दंगे हो सकते हैं, एस.पी. ने खुद बोला है।

... (व्यवधान)

बोहरा जी की लाश पटरी पर मिली है, एस.पी. मिला हुआ है, उस पर दफा ३०२ के तहत कार्रवाई होनी चाहिए।

">

">MR. SPEAKER: Shri Mohan Rawale, please take your seat. The hon. Home Minister has already given the reply.

"> Now, Shri Dasmunsi.